पंजाब केसरी 01/02/2024

इंटर जोनल यूथ फैस्टिवल में जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते प्राचार्य व अन्य। (चंद्रमोहन)

प्राचार्य व स्टाफ के साथ उपस्थित विजेता रहे प्रतिभागी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 31 जनवरी (बलराम): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 44वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का आयोजन डी.ए.वी. (पी.जी.) कालेज करनाल में किया गया, जिसमें 70 से ज्यादा महाविद्यालय के 4 जोन के प्रतिभागियों ने 42 विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां दी। जोनल युवा महोत्सव की तरह ही इंटर जोनल युवा महोत्सव में भी जी.एम.एन. महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि के अवसर पर जी.एम.एन. कालेज की प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों का कालेज प्रांगण में सम्मान करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस जीत का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राध्यापको के कुशल नेतृत्व को जाता है।

महाविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग संयोजक डा. राजेन्द्र देशवाल ने बताया कि जी.एम.एन. कालेज के प्रतिभागियों ने मिमिक्री में प्रथम और फोक इंस्ट्रूमैंट सोलो में प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं क्लासिकल डांस, फॉक सॉन्ग जनरल, लाइट वोकल, इंडियन, ग्रुप डांस जनरल, फॉक इंस्ट्रूमैंट सोलो, हरियाणवी आर्केस्ट्रा में कालेज ने द्वितीय स्थान हासिल किया एवं क्लासिकल वोकल सोलो और वैस्टर्न वोकल सोलो में तृतीय स्थान हासिल किया।

इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कालेज के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डा. राजेन्द्र देशवाल सहित अन्य प्राध्यापकगणों डा. चंद्रपाल पूनिया, डा. मनजीत कौर, डा. के.के. पूनिया, डा. अमित एवं डा. अनीश सहित कालेज के सभी स्टाफ सदस्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।